पंजीकृत डाक

सूचना के अधिकार अधिनियम–2005 की अपील धारा–19 के अन्तर्गत आदेश

श्री सागर भण्डारी सामाजिक कार्यकर्ता, सेक्टर 9 सी0, डी0–6, ग्रुप हाउस बौराड़ी, नई टिहरी टिहरी गढ़वाल के अपीलीय अनुरोध पत्र, दिनांक–05.08.2021 जो इस कार्यालय को दिनांक 10.08.2021 को प्राप्त हुआ है। अपीलीय अनुरोध पत्र में इंगित सूचना के क्रम में अपील की सुनवाई दिनांक–31.08.2021 को अपरान्ह–12:00 बजे निर्धारित की गयी। जिसकी सूचना सम्बन्धित पक्षों को कार्यालय पत्र संख्या–1385, दिनांक 17.08.2021 द्वारा पंजीकृत डाक से प्रेषित की गई। उक्त निर्धारित तिथि को अपीलार्थी अनुपस्थित तथा निम्न अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित थेः–

1. लोक सूचना अधिकारी, पर्यटन मुख्यालय।
2. मुख्य प्रशासनिक अधिकारी, कार्मिक अनुभाग, पर्यटन मुख्यालय।

अधोहस्ताक्षरी के द्वारा लोक सूचना अधिकारी के स्तर से प्रेषित की गई सूचनाओं तथा अपीलार्थी के अनुरोध पत्र का अवलोकन किया गया। अपीलार्थी अपील सुनवाई की तिथि को अनुपस्थित रहें हैं तथा अपीलार्थी द्वारा उक्त तिथि को ई–मेल के माध्यम से अपना लिखित सबमिशन प्रस्तुत किया गया है। जिसमें उनके द्वारा उल्लिखित किया गया है कि उनके द्वारा मूल अनुरोध पत्र में इंगित 10 बिन्दुओं की सूचना मांगी गयी थी, जिसमें प्रार्थी को बिन्दु संख्या–06, 07 व 10 की सूचना किसी भी स्तर से उपलब्ध नहीं करायी गयी है तथा शेष बिन्दु संख्या–01, 02, 03, 04, 05, 08 एवं 09 के संबंध में उनके द्वारा लिखित सबमिशन दिया गया है। अपीलार्थी के अपीलीय सुनवाई के दिनांक 31.08.2021 को प्रस्तुत लिखित सबमिशन के क्रम में अधोहस्ताक्षरी के पत्र संख्या–1656/2–10–289/2021, दिनांक–03.09.2021 द्वारा उप निदेशक पर्यटन, कार्मिक अनुभाग, पर्यटन मुख्यालय को बिन्दुवार आख्या/अभिमत उपलब्ध कराये जाने हेतु पत्र प्रेषित किया गया। जिसके क्रम में उप निदेशक पर्यटन, कार्मिक अनुभाग, पर्यटन मुख्यालय के पत्र संख्या–1966/2–2–का0/2019–21, दिनांक–15 सितम्बर 2021 द्वारा सारणी रूप में पुनः सूचना तैयार कर समस्त संलग्नकों सहित उपलब्ध कराई गई है। उक्त सूचना का अवलोकन करने के उपरान्त निम्न निर्देश पारित किये जाते है।

लोक सूचना अधिकारी, पर्यटन मुख्यालय को निर्देशित किया जाता है कि उप निदेशक पर्यटन, कार्मिक अनुभाग, पर्यटन मुख्यालय के पत्र संख्या–1966/2–2–का0/2019–21, दिनांक–15 सितम्बर 2021 द्वारा उपलब्ध कराई गई सूचना को अपीलकर्ता को निःशुल्क उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

अतः अपील का निस्तारण किया जाता है।

(वी0एस0 चौहान)
अपीलीय अधिकारी।

उत्तराखण्ड पर्यटन विकास परिषद

पं0 दीनदयाल उपाध्याय पर्यटन भवन, गढ़ीकैंट, देहरादून।
दूरभाषः 0135–2559898, फैक्स– 0135–2559988,
Website:-Uttarakhandtourism.gov.in

संख्या-2035/2–10–2289/2021 दिनांकः देहरादून/16 सितम्बर, 2021

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. श्री सागर भण्डारी सामाजिक कार्यकर्ता, सेक्टर 9 सी0, डी0–6, ग्रुप हाउस बौराड़ी, नई टिहरी टिहरी गढ़वाल
2. उप निदेशक (कार्मिक अनुभाग), पर्यटन मुख्यालय।
3. लोक सूचना अधिकारी, पर्यटन मुख्यालय।
4. विभागीय वेवसाईड पर अपलोड़ हेतु/आदेश पत्रावली।

(वी0एस0 चौहान)
अपीलीय अधिकारी।